# छात्रों का भविष्य संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकताः शुक्ल

**भोपाल( काप्र )। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि छात्रों का भविष्य संरक्षित करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने उच्च न्यायालय के निर्देशों/ आदेश के अनुक्रम में 15 जनवरी तक उपयुक्त पाये गये नर्सिंग कॉलेज में काउंसलिंग की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिये।**



उपयुक्त पाए गए नर्सिंग कॉलेज में लगभग 19 हज़ार छात्र प्रवेश पा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न विभागीय विषयों की समीक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिये कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त पदों पर निर्धारित समय-सीमा में भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण की जाये।उन्होंने कर्मचारी चयन मंडल और लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रिया को समय से पूर्ण करने के लिए सतत संपर्क में रहकर औपचारिकताओं की त्वरित पूर्ति के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने नीट पीजी काउंसलिंग के विषय पर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की और न्यायालय के निर्देश अनुसार छात्रों के हितों का ध्यान रखते हुए शीघ्रातिशीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही न्यायालय के निर्देश अनुसार एएनएम की पोस्टिंग किये जाने के लिये आवश्यक कार्रवाई करने के लिये कहा। उन्होंने फार्मेसी लाइसेंस प्रक्रिया को सहज, पारदर्शी और तेज बनाने के लिये आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मनोज सरियाम, रजिस्ट्रार मप्र नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल केके रावत उपस्थित थे।

# कालोनियों में एसटीपी न बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें: महापौर



**भोपाल ( काप्र )।** महापौर श्रीमती मालती राय ने जलकार्य विभाग, सीवेज प्रकोष्ठ तथा फायर बिग्रेड शाखा के कामकाज की समीक्षा की और जल उपभोक्ता प्रभार की वसूली प्रभावी ढंग से करते हुए राजस्व आय बढ़ाने, अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करने, पानी का अपव्यय रोकने तथा शहर के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने सीवेज कनेक्शन संबंधी कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण करते हुए सीवेज शुल्क के रूप में राजस्व आय बढ़ाने, सीवेज संबंधी समस्याओं को शीघ्रता से निराकृत करने, खुले में सीवेज बहाने वाले, कालोनियों में भवन अनुज्ञा की बाध्यता अनुसार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट न बनाने वाले कालोनाइजर्स व कालोनियों में स्थापित एसपीटी का संचालन न करने वाले रहवासी संघों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने कालोनी कैम्पस में स्थापित एसटीपी को बेहतर ढंग से संचालित कराने के निर्देश भी दिए। महापौर ने निगम के फायर अमले को उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ अग्निशमन की कार्यवाही पूरी मुस्तैदी के साथ करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यती, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी, फायर ऑफिसर सौरभ पटेल मौजूद थे। महापौर ने शुक्रवार को श्यामला हिल्स स्थित जलकार्य विभाग के सभाकक्ष में निगम के जलकार्य विभाग, सीवेज प्रकोष्ठ तथा फायर बिग्रेड शाखा की समीक्षा करते हुए जलकार्य विभाग से पेयजल आपूर्ति, जल उपभोक्ता प्रभार की वसूली, बकायादारों व अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

# साहित्य अकादमी द्वारा कैलेंडर वर्ष 2022 एवं 23 के पाण्डुलिपि अनुदान की घोषणा

भोपाल (काप्र)।

**साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2022 एवं 2023 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति के प्रकाशनार्थ श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों की घोषणा कर दी है।**

प्रति पाण्डुलिपि रुपये 20,000/- (रुपये बीस हजार) की सहायता अनुदान प्रतिवर्ष कुल 40 पाण्डुलिपियों को दिया जाता है। इस प्रकार दो वर्षों की कुल 80 पाण्डुलिपियों का चयन किया गया है। साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने बताया कि वर्ष 2022 एवं 23 हेतु प्रदेश के लेखक की प्रथम कृति प्रकाशन योजना के अंतर्गत-रविशंकर विलगैयां - पृथ्वीपुर, महेश कुमार पचौरी-भोपाल, नर्मदा प्रसाद-नर्मदापुरम, रास बिहारी शरण पाण्डेय-भोपाल, डॉ. रीता राज-भोपाल, प्रमोद कुमार शर्मा-नर्मदापुरम, हेमलता भारद्वाज-इंदौर, सुरेखा सरोदे-इंदौर, डॉ. मीनाक्षी दुबे-भोपाल, अमिता त्रिवेदी-भोपाल, प्रियंका मिश्रा-विजयराघवगढ़, विक्रांत भट्ट-रतलाम, प्रिया अवस्थी शर्मा 'शब्दिता'-वारासिवनी, अजय शंकर मिश्रा-भोपाल, सरोज दवे-भोपाल, अर्चना पंडित-इंदौर, दिनेश दवे-इंदौर, हरीश साथी-इंदौर, शशि बंसल गोयल-भोपाल, हरि जोशी-भोपाल, प्रेम चन्द्र गुप्ता-भोपाल, अर्चना गुप्ता-बालाघाट, गोपाल देव नीरद-बालाघाट, संगीता शुक्ला-शहडोल, डॉ. लीना कुलथिया-टीकमगढ़, संजय शर्मा-उज्जैन, सुषमा श्रीवास्तव-भोपाल, संजय सिंह राठौर-भोपाल, मनु शर्मा-अशोकनगर, देवप्रिया अमर तिवारी-नौगांव, आराधना राय-दमोह, प्रेक्षा सक्सेना-भोपाल, सीमा मनीष शर्मा-इंदौर, वैदेही कोनरी-रतलाम, डॉ. संध्या सिलावट-इंदौर, अनुराधा अंजनी- रीवा, वंदना त्रिपाठी-विदिशा, छक्कूलाल प्रजापति-मालथोन (सागर), दिनेश शर्मा-इंदौर, गीत धीर-भोपाल, अमर सिंह राजपूत-दमोह, मनीषा शर्मा-जबलपुर, बी.के.शर्मा-इंदौर, जयश्री उपाध्याय-बड़वाह, डॉ. दीपा मनीष व्यास-इंदौर, डॉ. अंशुल जैन आराध्यम-भोपाल, दर्शना जैन-खण्डवा, मंजुला दुबे-महेश्वर, राम अवतार शर्मा-मुरैना, तुषार कोठारी-रतलाम, सोनम निनामा-इंदौर, ऋतु मिश्र-इंदौर, मनीषा व्यास-इंदौर, प्रीति चौधरी-देवास, भोले नेमा चंचल-छिंदवाड़ा, अमित जैन-करेली, संदीप साधव-धामनोद, निरुपमा त्रिवेदी-इंदौर, बविता चतुर्वेदी-विदिशा, डॉ. अर्चना त्रिवेदी-इंदौर, सुनीता केसवानी-भोपाल, रेखा कापसे 'मांडवे'-नर्मदापुरम, सतीश जोशी-इंदौर, डॉ. मीना स्वर्णकार-आगर-मालवा, डॉ. शशि निगम-इंदौर, मंजू खरे-दतिया, शील कुमार दुबे-करेली, डॉ. नीरज श्रीवास्तव-अनूपपुर, नंदकिशोर उपाध्याय-धार, ब्रजेन्द्र नागर-इंदौर, डिनल हितेश शाह-बुरहानपुर, अनिल ओझा-इंदौर, रेणु लेसी फ्रांसिस-इंदौर, जयकृष्ण चांडक-हरदा, सुशील कुमार व्यास-सारंगपुर, वंदना खरे-अनूपपुर, डॉ. अनुराधा शुक्ला-शहडोल, सुरेन्द्र सिंह राजपूत-देवास, शशिकांत यादव-देवास एवं कमलेश बैस-आलोट की पांडुलिपि प्रकाशन सहायता अनुदान के लिए स्वीकृत हुई हैं।

# साल की सबसे लंबी रात आज : सारिका

भोपाल (काप्र)।



आज सूर्य अपनी छह माह की दक्षिण यात्रा का समापन करने जा रहा है ।इसके बाद इसकी वापसी उत्तर की ओर यात्रा आरंभ होगी । विंटर सोलिस्ट की इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि सूर्य किरणें आज (21 दिसम्बर) भारतीय समयानुसार दोपहर 2 बजकर 50 मिनिट पर मकर रेखा पर लबंवत होने जा रही हैं इसके बाद सूर्य की कर्क रेखा की ओर उत्तरायण यात्रा आरंभ होगी। उत्तरायण यात्रा आरंभ होने की दिनांक को देखते हुये भारत के सहप्रायोजन में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 21 दिसम्बर को विश्वध्यान दिवस या वर्ल्ड मेडिटेशन डे घोषित किया है। इस खगोलीय घटना के कारण उत्तरी गोलार्द्ध के शहरो में आज दिन सबसे छोटा और रात सबसे लंबी होगी। सारिका ने बताया कि विगत छह माह से उत्तरी गोलार्द्ध में अब तक सूर्य दक्षिण दिशा में जाता महसूस हो रहा था। अब यह उत्तर की और जाना आरंभ करेगा।

# ठेले, गुमठी, टेबिल-कुर्सी, काउंटर्स सहित 18 ट्रक सामान जप्त

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों, कॉरीडोर व सार्वजनिक स्थलों आदि पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए सीहोर रोड पर लालघाटी चौराहे से हलालपुर बस स्टैण्ड तक तथा बैरागढ़ थाना चौराहे से भैंसाखेड़ी चिरायु अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ आदि से अतिक्रमणों को हटाने की बड़ी कार्यवाही की और ठेले, गुमठी, काउंटर्स, टेबिल, कुर्सी, बोर्ड, लोहे के एंगल आदि सहित 18 ट्रक विभिन्न प्रकार की सामग्री जप्त की और राजधानी के व्यस्ततम मार्ग पर आवागमन को व्यवस्थित कराया।

# लायंस क्लब भोपाल साउथ में युवा उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम आज

**भोपाल।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा विश्व में निस्वार्थ मानवता की सेवा की जा रही है। लायंस क्लब की इंटरनेशनल की मूल भावना के तहत देश के युवा जनों को भी समाज के कमजोर और निम्न वर्गों की सेवा कार्यों में जोड़ा जा रहा है। लायंस क्लब भोपाल साउथ द्वारा नगर के प्रतिष्ठित बहुआयामी प्रतिभाओं के धनी छात्र छात्राओं का सम्मान करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में, खेल, संगीत, पर्यावरण, नाटक, जैसे क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि वाले छात्रों का चयन कर उनको सम्मानित किया जा रहा है। शनिवार 21 दिसंबर को इन्हीं कलाओं में महारत हासिल करने वाले 18 छात्रों, छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल दक्षिण के विधायक भगवान दास सबनानी और विशिष्ट अतिथि श्रीमती अर्चना शर्मा एसडीम भोपाल होंगे। लायन श्रीमती मधु तिवारी और सचिव लायन आरएस तिवारी ने पुरस्कृत बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अंतर्राष्ट्रीय टाइगर तस्कर ताशी शेरपा की जमानत निरस्त

**भोपाल( काप्र )।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश को मिली बढी सफलता एसटीएसएफ ने विगत 08 वर्षों से फरार अंतर्राष्ट्रीय टाइगर तस्कर ताशी शेरपा को भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) से 24 जनवरी 2024 को गिरफ्तार किया था। उक्त आरोपी मध्यप्रदेश के सतपुडा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम के अंतर्गत वन्यजीव टाइगर व पेंगोलिन के अवयवों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध व्यापार के गिरोह के सरगना है व विगत 08 वर्षों से फरार था। ताशी शेरपा टाइगर तस्कर की जमानत याचिका कई बार विभिन्न न्यायालयों (मजिस्ट्रेट, सत्र न्यायालय व उच्च न्यायालय) द्वारा खारिज की जा चुकी है। इसके उपरांत उक्त आरोपी ने सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसकी विस्तृत सुनवाई उपरांत सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये जमानत याचिका निरस्त कर दी तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम को जुलाई 2025 तक प्रकरण के निराकरण करने के निर्देश भी दिये। इस प्रकरण में एसटीएसएफ ने कुल 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है जिनके विरूद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय नर्मदापुरम के द्वारा 05-05 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 7 लाख 10 हजार रूपये का अर्थदंड का आदेश पारित किया गया है एवं प्रकरण में 3 देशों के 7 अंतर्राष्ट्रीय तस्कर फरार है।




